शहर-समाज
दैनिक भास्कर, जमशेदपुर, रविवार, 20 जुलाई, 2025 | 14

# चाईबासा के इस्टीम पब्लिक स्कूल में वाद विवाद प्रतियोगिता, गंगा हाउस बना विजेता

भास्कर न्यूज़ | चाईबासा

इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने दीप प्रज्वलित और वाद विवाद प्रतियोगिता का विमोचन करके किए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं छात्रों के समग्र विकास का एक सशक्त माध्यम हैं। यह न केवल उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारती हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक कौशलों को भी प्रोत्साहित करती हैं। जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सदनों गंगा, दामोदर, यमुना व स्वर्णरेखा के छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। जिससे दर्शकों और निर्णायक मंडल पर गहरा प्रभाव पड़ा। वाद-विवाद प्रतियोगिता के फाइनल में गंगा हाउस और दामोदर हाउस पहुंचे। जहां गंगा हाउस ने जीत हासिल की। इस अवसर पर विद्यालय के उप निदेशक गौरव कुमार व प्राचार्य टी. कुमार भी उपस्थित थे। दोनों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।




4 दैनिक जागरण जमशेदपुर, 20 जुलाई, 2025

# इस्टीम पब्लिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता में गंगा हाउस विजेता

जागरण संवाददाता, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर-हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के समग्र विकास का एक सशक्त माध्यम है।

यह न केवल उनकी शैक्षणिक प्रतिभा को निखारती है, बल्कि उनके व्यक्तिगत और सामाजिक कौशलों को भी प्रोत्साहित करती है, जिससे वे भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सदनों गंगा, दामोदर, यमुना और स्वर्णरेखा के छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शकों और निर्णायक मंडल पर गहरा प्रभाव पड़ । वाद-विवाद प्रतियोगिता के फाइनल में गंगा हाउस और दामोदर हाउस पहुंचे जहां गंगा हाउस ने जीत प्राप्त की । इस अवसर पर विद्यालय के उप निदेशक गौरव कुमार और प्राचार्य टी. कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा ।




प्रतियोगिता का शुभारंभ करते प्राचार्य टी. कुमार व उपनिदेशकगौरव कुमार।

हिन्दुस्तान
www.livehindustan.com
जमशेदपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025 04



इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस वाद विवाद के विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

# वाद-विवाद में गंगा हॉउस बना विजेता

चाईबासा। इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चार सदन गंगा, दामोदर, यमुना और स्वर्णरेखा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गंगा हाउस ने जीत हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप निदेशक गौरव कुमार और प्राचार्य टी. कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।